


# पिलखा भूमि

ईमेल:–manishvaidy538@gmail.com
PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305



वर्ष 02 अंक 18 सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक अप्रैल 2026 पृष्ठ 4 मूल्य 5 संपादक – मनीष वैद्य

## सरगुजा में डिजिटल सुरक्षा का मोर्चा संभालेंगे मुकेश निराला साइबर फ्रॉड के खिलाफ छेड़ेंगे जागरूकता अभियान

पिलखा भूमि. अंबिकापुर

(सरगुजा) बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आम लोगों को डिजिटल ठगी से बचाने के उद्देश्य से सरगुजा के युवा विशेषज्ञ मुकेश निराला ने एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने जिले में व्यापक स्तर पर श्साइबर फ्रॉड अवेयरनेस अभियानश शुरू करने की घोषणा की है।

### डिजिटल सुरक्षा में विशेष दक्षता

मुकेश निराला ने पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठित **Dataspace Academy** से साइबर तकनीक और डिजिटल सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अपनी इसी तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए, वे अब तक कई साइबर पीड़ितों को सही मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर चुके हैं। अब इसी अनुभव को वे जन–जागरूकता में बदलने के लिए तैयार हैं।

### अभियान के मुख्य बिंदु

मुकेश का मानना है कि साइबर ठगी से बचने का सबसे प्रभावी हथियार श्सतर्कताश है। अपने आगामी अभियान के माध्यम से वे जनता को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित करेंगेरू




ऑनलाइन फ्रॉडरू वित्तीय धोखाधड़ी के नए तरीकों की पहचान।

फर्जी कॉल और **OTP** स्कैमरू इनसे कैसे बचें और क्यों कभी व्ज्च साझा न करें।

सोशल मीडिया सुरक्षारू अकाउंट हैकिंग और स्कैम से बचाव के तरीके।

डिजिटल हाइजीनरू अनजान लिंक पर क्लिक न करने और निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के गुर।

### मुकेश निराला की अपील

अभियान के बारे में बात करते हुए मुक. `श निराला कहते हैं, ष्आज के डिजिटल दौर में जानकारी ही आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। अधिकांश साइबर अपराध ला. `गों की अनभिज्ञता का फायदा उठाकर किए जाते हैं। मेरा लक्ष्य सरगुजा के हर व्यक्ति को इतना सतर्क बनाना है कि वे किसी भी प्रकार की डिजिटल ठगी का शिकार न बनें।ष

### जनता के लिए अलटर्रू

उन्होंने आम नागरिकों से सावधान रहने का आग्रह किया है। उनका स्पष्ट संदेश हैरू षकिसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। आपकी थोड़ी सी सतर्कता आपकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकती है।ष

## शक्ति की आराधनारू कुदरगढ़ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, जय माता दी के जयकारों से गूंजी पहाड़ियां

पिलखा भूमि.सूरजपुर

कुदरगढ़ चौत्र नवरात्र के पावन पर्व पर आज 19 मार्च से प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ बागेश्वरी धाम (कुदरगढ़) में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। तड़के सुबह से ही मंदिर के कपाट खुलते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ के चरणों में शीश नवाया। सूरजपुर जिले के साथ–साथ पूरे सरगुजा संभाग और पड़ोसी राज्यों से आए भक्तों की लंबी कतारें कुदरगढ़ की पहाड़ियों पर भक्तिमय छटा बिखेर रही हैं।



### मनोकामना ज्योति कलशों से जगमग हुआ दरबार

नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर परिसर के ज्योति कक्ष में हजारों की संख्या में तैल और घृत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। मान्यता है कि कुदरगढ़ी धाम में प्रज्वलित अखंड ज्योति भक्तों के जीवन के अंधकार को दूर कर सुख–समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। मंदिर समिति और पुजारियों द्वारा विधि–विधान से घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया।

### प्रशासनिक चाक–चौबंद सुरक्षा और सुविधा का संगम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैरू

सुरक्षा घेरा. मेला क्षेत्र में चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ नियंत्रण (**Crowd Management**) किया जा रहा है।

पेयजल और स्वास्थ्य भीषण गर्मी को देखते हुए पहाड़ी मार्ग पर जगह–जगह ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही, आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें मेडिकल कैंप के साथ मुस्तैद हैं।

यातायात प्रबंधन पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित न हो।

### भक्तों का उत्साहरू कठिन चढ़ाई भी पड़ी फीकी

भले ही मंदिर तक पहुँचने के लिए सैकड़ों सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, लेकिन भक्तों के उत्साह के आगे यह थकान गौण नजर आई। बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, हर कोई हाथ में पूजा की थाली और चुनरी लिए श्माँ बागेश्वरीश के दर्शन की प्रतीक्षा में आनंदित दिखा।

माँ कुदरगढ़ी के प्रति लोगों की अटूट आस्था है। प्रशासन का प्रयास है कि इस भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्राप्त हों और व्यवस्थाएं सुचारू रहें।

## कुदरगढ़ महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ भक्ति, लोक संस्कृति और उल्लास से गूंजा कुदरगढ़ धाम

पिलखा भूमि.सूरजपुर

23 मार्च 2026 चौत्र नवरात्र के शुक्ल पंचमी की दिव्य बेला में आस्था, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम आज कुदरगढ़ धाम में देखने को मिला, जब जिला प्रशासन व मां कुदरगढ़ी न्याय ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान से कुदरगढ़ महोत्सव 2026 का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। 23 से 25 मार्च तक आयोजित इस त्रि–दिवसीय महोत्सव ने पहले ही दिन श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक वैभव से पूरे क्षेत्र को सराबोर कर दिया।

शुभारंभ अवसर पर लोक न्याय ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राम सेवक पैंकरा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए महोत्सव के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुदरगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह इस क्षेत्र की लोक परंपराओं, जन. आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का एक सार्थक प्रयास है। श्री पैंकरा ने माँ कुदरगढ़ी की कृपा से इस महोत्सव को प्रतिवर्ष और भव्य रूप देने का संकल्प व्यक्त करते हुए सभी श्रद्धालुओं एवं दर्शकों का



हार्दिक स्वागत किया।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर जिले के पाँच करमा दलों ने पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को जीवंत कर दिया। सुप्रसिद्ध कलाकार आनंदिता तिवारी ने कथक नृत्य के माध्यम से माँ कुदरगढ़ी की भावपूर्ण स्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र–छात्राओं ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

भक्ति रस की प्रस्तुतियों में निलेश मित्तल के भजनों और स्तुति जायसवाल के धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। पंडित लल्लू राजा एवं उनके साथियों द्वारा सरगुजिहा लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने लोक संस्कृति की मिठास बिखेर दी। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में मुंबई के सुप्रसिद्ध लीला रॉक बैंड की भक्तिमय प्रस्तुति ने आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। रात्रि भक्ति एवं सांस्कृतिक संध्या ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया तथा दर्शक देर रात तक कार्यक्रमों में रमे रहे।

जिला प्रशासन का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राज्य स्तर पर स्थापित करना और स्थानीय कलाक. ारों को प्रोत्साहित करना है। लोक न्याय ट्रस्ट की सहभागिता ने इस आयोजन को केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बना दिया है।

महोत्सव के दूसरे दिन 24 मार्च को सांस्कृतिक रंग और गहरे होने वाले हैं। छात्र–छात्राओं द्वारा करमा नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ नेहा तिवारी के लोक जस गीत, बसंत वैष्णव की प्रस्तुति, कला केंद्र सूरजपुर के कलाकारों द्वारा नृत्य एवं गायन, बीजीएम ग्रुप की बैंड प्रस्तुति, लक्ष्मीकांत जडेजा, आसमी शर्मा के सांस्कृतिक गीत, कमलेश शर्मा, नासिर खान एवं संजय सुरीला की मनमोहक प्रस्तुतियाँ महोत्सव को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगी।

स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की सहभागिता, लोक संस्कृति की सजीव झलक और भक्ति की अनुगूंज ने कुदरगढ़ महोत्सव को एक विशिष्ट पहचान और गरिमा दी है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ इस आयोजन की लोकप्रियता और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करती है।

माँ कुदरगढ़ी के चरणों में यह तीन दिवसीय महोत्सव जिले की सामूहिक आस्था, संस्कृति और जन–चेतना का जीवंत उत्सव बन गया है।

## नशे के सौदागरों पर आबकारी का शिकंजारू कोरिया में 3 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

पिलखा भूमि.बैकुंठपुर

सरगुजा संभाग की आबकारी उड़नदस्ता टीम ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में आज कोरिया जिले के जामपारा में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से लगभग 3 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर शयन कक्ष में दबिश मिली जानकारी के अनुसार, सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ बैकुंठपुर क्षेत्र में मदिरा दुकानों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि जामपारा निवासी लक्ष्मण अपने घर से भारी मात्रा में गांजा रखकर अवैध बिक्री कर रहा है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल घेराबंदी कर लक्ष्मण के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के शयन कक्ष (ठमकतववउ) में रखे एक झोले से 2.883 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### न्यायालय ने भेजा जेल

आबकारी टीम ने जब्त गांजे को कब्जे में लेकर आरोपी लक्ष्मण के विरुद्ध NDPS एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को बैकुंठपुर न्यायालय में रिमांड हेतु पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस सफल कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने किया। टीम में मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान की सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नशामुक्त सरगुजा संभाग हमारा लक्ष्य

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने सख्त लहजे में कहा किरू

हमारी उड़नदस्ता टीम पूरे सरगुजा संभाग में सक्रिय है। नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हम पूरे संभाग को श्सूखे नशेश से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले दिनों में ऐसी कार्रवाइयां और तेज की जाएंगी।

## संजय पार्क में 15 हिरणों की मौत पर गरमाई सियासत- अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेस की 6 सदस्यीय टीम ने साधा निशाना

पिलखाभूमि अंबिकापुर

सरगुजा संभाग के हृदय स्थल कहे जाने वाले संजय पार्क में पिछले दिनों हुई 15 हिरणों की संदिग्ध मौत का मामला अब पूरी तरह से राजनीतिक रंग ले चुका है। प्रशासन द्वारा कुत्तों के हमले की थ्योरी पेश किए जाने के बाद विपक्ष ने इसे सिरे से खारिज करते हुए सरकार और वन विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### कांग्रेस ने गठित की 6 सदस्यीय जांच कमेटी

इस संवेदनशील मामले की गहराई से जांच करने के लिए कांग्रेस ने 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। इस टीम की कमान पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को सौंपी गई है। कमेटी के सदस्यों ने संजय पार्क का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से तीखे सवाल पूछे।

### कुत्तों की थ्योरी अविश्वसनीय दृ अमरजीत भगत

जांच दल के नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मीडिया से चर्चा करते हुए प्रशासन के दावों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा

सुरक्षित घेरे के भीतर आवारा कुत्तों का घुसना और एक साथ 15 हिरणों को मार डालना पूरी तरह से अविश्वसनीय है। प्रशासन अपनी लापरवाही छिपाने के लिए मनगढ़ंत कहानियां बना रहा है।"

### मौत का तांडव थमा नहीं, अब 1 हिरण लापता

संजय पार्क में मचे इस कोहराम के बीच एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। 15 हिरणों की मौत की पुष्टि होने के बाद अब 1 हिरण लापता बताया जा रहा है। लापता हिरण को लेकर प्रबंधन के पास कोई ठोस जवाब नहीं है, जिससे शिकार या तस्करी जैसी आशंकाओं को भी बल मिल रहा है।



### उठ रहे हैं ये गंभीर सवाल

सुरक्षा में सेंध अगर कुत्ते घुसे तो सुरक्षा गार्ड और ऊँची फेंसिंग का क्या औचित्य रह गया?

लापता हिरण का रहस्य क्या लापता हिरण की भी मौत हो चुकी है या उसे कहीं ठिकाने लगाया गया है?

सीसीटीवी फुटेज क्या पार्क के कैमरों में कुत्तों के हमले का कोई साक्ष्य मौजूद है?

निष्कषसंजय पार्क की इस घटना ने वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय जनता को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ जहाँ वन विभाग मामले को रफा–दफा करने की कोशिश में है, वहीं अमरजीत भगत के तेवरों से साफ है कि कांग्रेस इस मुद्दे को सदन से लेकर सड़क तक उठाने वाली है।






## जय श्री राम के जयकारों से गूँजा अंबिकापुररू रामनवमी से पहले ही सड़कों पर उतरा आस्था का जनसैलाब



पिलखाभूमि अंबिकापुर

(सरगुजा) मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव 'रामनवमी' के आगमन से पहले ही सरगुजा की हृदयस्थली अंबिकापुर पूरी तरह से राममय हो गई है। शहर में राम भक्तों द्वारा एक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### भक्ति में सराबोर हुआ शहर

केसरिया ध्वज, ढोल–नगाड़ों की थाप और "जय श्री राम" के गगनभेदी उद्घोष के साथ यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा का आकर्षण देखते ही बन रहा था, जहाँ पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा और महिलाएं उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। जगह–जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

त्योहारी सीजन और भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम किए गए थे। प्रमुख चौक–चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा ताकि यातायात और व्यवस्था बनी रहे। भक्तों के इस उत्साह ने यह साफ कर दिया है कि इस बार की रामनवमी अंबिकापुर के इतिहास में बेहद खास होने वाली है।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 026 jan_manish 01-04-2026 06:12 Page 2



## राशन वितरण में घालमेल पर विधायक रामकुमार टोप्पो का वज्राघात विधानसभा में सरकार से पूछे तीखे सवाल, मांगा तीन साल का हिसाब



पिलखा भूमि.सीतापुर

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सत्र में राशन वितरण प्रणाली (**PDS**) में व्याप्त खामियों को लेकर खाद्य मंत्री को घेरे में लिया है। विधायक ने जनहित से जुड़े कई तीखे सवाल उठाते हुए राज्य सरकार से डिजिटल पारदर्शिता और आम जनता को मिलने वाले राशन की सुरक्षा पर श्वेत पत्र की मांग की है।

विधायक टोप्पो ने सदन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाने की कार्ययोजना पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कौन से टोल–फ्री नंबर और **SMS** अलर्ट सिस्टम का उपयोग कर रही है, और यह व्यवस्था धरातल पर कहां–कहां सक्रिय है।

### सीतापुर के लिए मांगी जवाबदेही

अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रति गंभीर रुख अपनाते हुए विधायक ने पूछा कि सीतापुर की कितनी उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न उठाव और वितरण में धांधली की शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा, उन्होंने ई–पास मशीनों की स्थिति और बायोमेट्रिक सत्यापन फेल होने की स्थिति में गरीब हितग्राहियों के लिए उपलब्ध श्वैकल्पिक व्यवस्थाश पर स्पष्टीकरण मांगा है।

### जनता की उम्मीदें

विधायक रामकुमार टोप्पो का यह कदम उन हजारों गरीब परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है, जो अक्सर बायोमेट्रिक मशीनों की तकनीकी खराबी या दुकानदारों की मनमानी के कारण राशन से वंचित रह जाते हैं। अब देखना यह है कि खाद्य विभाग इन सवालों का क्या जवाब देता है और क्या वाकई राशन प्रणाली में सुधार आता है या नहीं।

**मिलावटखोरों पर नकेल की मांग**

**विधायक ने वर्ष 2023 से 2025 तक के आंकड़ों की मांग करते हुए पूछा है कि जमाखोरी और मिलावटखोरी के खिलाफ कुल कितनी शिकायतें दर्ज हुई?**

**दोषियों के खिलाफ अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई?**

**खाद्यान्न चोरी और लीकेज रोकने के लिए क्या पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है?**

## विष्णु देव पांडेय को भाजयुमो जिला टीम में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारीय कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर



पिलखा भूमि. अम्बिकापुर

सरगुजा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) छत्तीसगढ़ की जिला कार्यकारिणी की बहुप्रतीक्षित घोषणा कर दी गई है। संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और निरंतर सक्रियता को देखते हुए, अम्बिकापुर निवासी विष्णु देव पांडेय को जिला विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त कर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से हुई घोषणा

भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति और वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में इस नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस टीम में ऊर्जावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है, ताकि संगठन की रीति–नीति को जन–जन तक पहुँचाया जा सके।

### निष्ठा और सक्रियता का मिला प्रतिफल

विष्णु देव पांडेय लंबे समय से भाजयुमो के एक सक्रिय नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। राजनीतिक गतिविधियों के साथ–साथ वे सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, कड़े परिश्रम और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए ही शीर्ष नेतृत्व ने उन पर यह भरोसा जताया है।

ष्संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। युवाओं को जोड़ना और पार्टी की नीतियों को धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।ष

## नाक के नीचे खेल– कुदरगढ़ महोत्सव में नियमों की धज्जियां जनता त्रस्त अफसर मस्त








पिलखा भूमि. सूरजपुर (अफ़रोज़ खान)

जहां आस्था का संगम होना था, वहां अब 'सवालों का धुआं' उठ रहा है। सूरजपुर का प्रसिद्ध कुदरगढ़ महोत्सव इस समय भक्ति के लिए नहीं, बल्कि प्रशासन की तानाशाही और नियमों की सरेआम अनदेखी के लिए सुर्खियों में है।

एक तरफ आम आदमी एक अदद घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 20–20 दिनों तक एजेंसियों के चक्कर काट रहा है, वहीं दूसरी ओर महा. `त्सव के पंडालों में 'घरेलू सिलेंडरों' की ऐसी नुमाइश लगी है जैसे नियम सिर्फ गरीब जनता के लिए बने हों।

जनता लाइन में, महोत्सव 'वीआईपी' डिजाइन में?

जिले की स्थिति यह है कि आम नागरिक के घर का चूल्हा बुझने की कगार पर है। गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें हैं, वेटिंग लिस्ट हफ्तों लंबी है। लेकिन कुदरगढ़ महोत्सव में प्रशासन ने जैसे 'जादुई चिराग' घिसा और भारी तादाद में घरेलू सिलेंडर प्रकट हो गए।

बड़ा सवालरू क्या व्यावसायिक गतिविधियों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग प्रतिबंधित नहीं है? क्या प्रशासन खुद कानून से ऊपर है?

खाद्य अधिकारी का 'अजीबोगरीब' तकर्रू

अपनों को रेवड़ी, जनता को डंडा

जब इस धांधली पर सवाल उठे, तो जिला खाद्य अधिकारी ने जो दलील दी, वह किसी चुटकुले से कम नहीं है। उनका कहना है किकृ "महोत्सव में उपयोग हो रहे सिलेंडर अधिकारियों ने अपने नाम से बुक किए थे। अब जनता पूछती हैरूदृक्या अधिकारियों के पास 'सुपर पावर' है कि उन्हें 15–20 दिन इंतजार नहीं करना पड़ता?

क्या सरकारी नियम अधिकारियों को अपना व्यक्तिगत कोटा सार्वजनिक आयोजन में खपाने की अनुमति देते हैं?

अगर बुकिंग सही है, तो रसीदें सार्वजनिक करने में प्रशासन के हाथ–पांव क्यों फूल रहे हैं?

आक्रोश की आगरू नियम सिर्फ आम आदमी के लिए

स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों का कहना है कि अगर कोई छोटा दुकानदार गलती से भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर ले, तो प्रशासन की टीम चील की तरह झपट्टा मारकर जुर्माना ठोक देती है। लेकिन जब वही काम 'कलेक्टर साहब की नाक के नीचे' होता है, तो सब आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं।

ये हैं जनता की सीधी मांगेंरू

जांच का चाबुकरू महोत्सव में इस्तेमाल हर एक सिलेंडर के सीरियल नंबर की जांच हो।

पारदर्शितारू अधिकारियों द्वारा की गई 'कथित बुकिंग' की रसीदें मीडिया और जनता के सामने रखी जाएं।

समान कानूनरू नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले जिम्मेदार अफसरों पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई हो।

निष्कषर्रू यह सिर्फ एक महोत्सव का मामला नहीं है, यह प्रशासनिक जवाबदेही और नैति. कता का सवाल है। कुदरगढ़ महोत्सव की चकाचौंध के पीछे नियमों का जो 'अंधेरा' है, वह सूरजपुर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक गहरा धब्बा है। अब देखना यह है कि 'साहब' इस पर क्या सफाई देते हैं या फिर चुप्पी साधकर मामले को रफा–दफा कर देते हैं।

## अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज की भूमि से हटा 39 घरों का अवैध कब्जा बेघर हुए परिवारों का छलका दर्द कहा कहाँ जाएँ हम?



पिलखाभूमि अंबिकापुर

(छत्तीसगढ़)रू शहर के गंगापुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित बेशकीमती जमीन को आज जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। जहाँ एक ओर प्रशासन इसे विकास के लिए जरूरी कदम बता रहा है, वहीं दूसरी ओर 39 परिवारों के आशियाने उजड़ने से हड़कंप मच गया है।

### प्रभावित 39 परिवारों का पक्ष

सिर से छिन गई छत कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद प्रभावित परिवारों में भारी आक्रोश और दुख देखा गया। परिवारों का कहना है कि वे यहाँ वर्षों से रह रहे थे और उनके पास जाने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है।

**बयान 1** हम सालों से यहाँ रह रहे हैं, अचानक इस तरह घर तोड़ देना हमारे साथ अन्याय है। अब हम अपने बच्चों को लेकर इस धूप में कहाँ जाएंगे?"

**बयान 2** हमें प्रशासन से पुनर्वास की उम्मीद थी। अगर यह जमीन कॉलेज की थी, तो हमें कहीं और बसाने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। हमारे पास सिर छुपाने की अब कोई जगह नहीं बची।

कई महिलाओं और बुजुर्गों की आँखों में आँसू थे, जो अपने घरेलू सामान को मलबे से समेटते नजर आए।

### आवंटित भूमि पर था वर्षों से कब्जा

प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार, गंगापुर स्थित यह पूरी जमीन आधिकारिक तौर पर मेडिकल कॉलेज को आवंटित की जा चुकी थी। कॉलेज के विस्तार, बाउंड्री वॉल और अस्पताल की सुरक्षा के लिए इस जमीन को खाली कराना अनिवार्य था।

### प्रशासनिक अमले की बड़ी कार्रवाई

मंगलवार सुबह राजस्व विभाग और पुलिस बल के पहुँचते ही इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी।

**सुरक्षा व्यवस्था** भारी पुलिस बल ने इलाके को घेर रखा था ताकि विरोध प्रदर्शन उग्र न हो।

**राजस्व की सख्ती** एसडीएम और तहसीलदार की मौजूदगी में सीमांकन के पश्चात 39 घरों को हटाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

### समाचार के मुख्य बिंदु

बेघर हुए 39 परिवाररू प्रशासन ने चिन्हित किए गए सभी अवैध निर्माणों को पूरी तरह हटा दिया है।

कॉलेज विस्तार का मार्ग प्रशस्तरू अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन अपनी आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य सुचारू रूप से कर सकेगा।

मानवीय पहलूरू कार्रवाई के बाद प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का सवाल अब प्रशासन के सामने खड़ा है।

### अधिकारियों का पक्ष

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह भूमि जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आरक्षित है। कब्जाधारियों को पूर्व में कई बार नोटिस और मौखिक चेतावनी दी गई थी, लेकिन जगह खाली नहीं की गई, जिसके चलते यह कड़ा कदम उठाना पड़ा।

**पिलखा भूमि' विशेष टिप्पणी** विकास की राह में अतिक्रमण हटाना जरूरी है, लेकिन 39 परिवारों के अचानक बेघर होने से उपजे मानवीय संकट पर भी प्रशासन को गंभीरता से विचार करना होगा।

## सरगुजा ओलंपिक में कोरिया का शानदार प्रदर्शन, 10 स्वर्ण पदक पर कब्जा

### कुल 26 पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर ने दी बधाई



पिलखा भूमि. कोरिया

23 मार्च 2026 सरगुजा ओलंपिक 2026 में कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी श्रीमती गीता फोगाट की उप. स्थिति में हुआ था।

कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 26 पदक अपने नाम किए, जिसमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम रहा कि जिले ने कई प्रतिस्पर्धाओं में बढ़त हासिल की।

स्वर्ण पदकों में बैडमिंटन अंडर–17 (सिंगल्स व डबल्स बालिका), फुटबॉल सीनियर बा. लिका, वॉलीबॉल जूनियर बालिका, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, रिले रेस और शॉट पुट जैसी स्पर्धाएं शामिल रहीं। वहीं रजत पदक 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, तीरंदाजी, बैड. मिंटन, वॉलीबॉल और फुटबॉल में प्राप्त हुए। कांस्य पदकों में 400 मीटर, तीरंदाजी, रिले रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन शामिल हैं।

इस शानदार उपलब्धि से कोरिया जिले का नाम पूरे प्रतियोगिता में गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ियों में जुनून और जीवटता की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हार से निराश होने के बजाय दोगुनी मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## माँ कुदरगढी के दर पर मंत्री लक्ष्मी रजवाड़ेय दर्शन–पूजन के साथ स्वास्थ्य और विश्राम व्यवस्थाओं की ली सुध



पिलखा भूमि.सूरजपुर

कुदरगढ़ धाम– चौत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आज महाअष्टमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े प्रसिद्ध शक्तिपीठ कुदरगढ़ धाम पहुँचीं। यहाँ उन्होंने माँ कुदरगढ़ी की विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की।

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दर्शन के पश्चात मंत्री राजवाड़े ने मेले में आए हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य शिविरों और विश्राम गृहों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### भक्तों के बीच पहुँचकर बाँटा प्रसाद

सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुँचीं और उन्हें अपने हाथों से महाप्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होंने भक्तों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम भी जानी।

### सेवा ही परम धर्म

इस अवसर पर मंत्री रजवाड़े ने कहारू

ष्माँ के दरबार में हाजिरी लगाना सौभाग्य की बात है, लेकिन भक्तों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। माँ कुदरगढ़ी का आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों पर बना रहे और हमारा छत्तीसगढ़ सदैव खुशहाल रहे, यही मेरी प्रार्थना है।

### मुख्य आकर्षण

**आध्यात्मिक उपस्थिति** महाअष्टमी के विशेष मुहूर्त पर माँ कुदरगढ़ी के दर्शन।

**निरीक्षण** स्वास्थ्य एवं विश्राम व्यवस्थाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा।

**जन–सरोकार** स्वयं महाप्रसाद वितरण कर सेवा का संदेश दिया।




## केआईटीजी 2026- मिडफील्ड की कमान से लेकर गोलकीपिंग के कमाल तक



पिलखा भूमि.रायपुर

31 मार्च 2026 कप्तान किरण पिस्दा की शानदार दोहरी भूमिका से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के फाइनल में जगह बना ली है, जबकि राज्य की महिला हॉकी टीम ने भी कांस्य पदक मुकाबले में पहुंचकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच की स्टार रहीं। उनके हरफनमौला खेल की बदौलत छत्तीसगढ़ ने निर्धारित समय के बाद 2–2 की बराबरी रहने पर पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से रोमांचक जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में अब तक करीब 20 गोल कर चुकीं किरण ने एक बार फिर आक्रामक भूमिका निभाते हुए 18वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को 2–0 की बढ़त दिलाई।

हालांकि अरुणाचल प्रदेश ने 41वें और 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया। इसके बाद किरण ने साहसिक फैसला लेते हुए नियमित गोलकीपर योगिता की जगह खुद दस्ताने पहनकर गोलपोस्ट संभालने का निर्णय लिया। उनका यह निर्णय कप्तानी की मिसाल बन गया, जब उन्होंने दो शानदार बचाव किए और खुद एक पेनल्टी भी सफलतापूर्वक गोल में बदली, जिससे टीम को फाइनल का टिकट मिला। अंतिम पेनल्टी के गोल के साथ ही मेजबान टीम ने मैदान पर जश्न मनाना शुरू कर दिया।

अपने प्रदर्शन पर किरण ने साई मीडिया से कहा, "मैं अपनी टीम को हर हाल में फाइनल में पहुंचाना चाहती थी। मुझे गोलकीपर के रूप में अच्छा करने का भरोसा था। मैंने पहले भी अपनी राज्य टीम के लिए यह भूमिका निभाई है। मेरी मेहनत सफल रही और हम फाइनल में हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।" अब फाइनल में छत्तीसगढ़ का सामना झारखंड और गुजरात के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। उल्लेखनीय है कि ग्रुप चरण में मेजबान टीम गुजरात को 2–1 से हरा चुकी है, जिसमें किरण ने भी एक गोल किया था।

वहीं, इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम 1 अप्रैल को पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेगी। सेमीफाइनल में मेजबान टीम को ओडिशा से 1–5 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब कप्तान कुजूर अश्विन के मार्गदर्शन में टीम पदक जीतने के लिए तैयार है। हॉकी का फाइनल भी 1 अप्रैल को झारखंड और ओडिशा के बीच खेला जाएगा।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन एथलीटों ने दिखाया दमखम







पिलखा भूमि.बस्तर

31 मार्च 2026 बस्तर जिले धरमपुरा जगदलपुर स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–2026 के अंतर्गत मंगलवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं ने दर्शकों में भारी उत्साह भर दिया। जनजातीय युवाओं के कौशल और शारीरिक दक्षता को समर्पित इस आयोजन के दूसरे दिन प्रातः कालीन विभिन्न स्पर्धाओं में रोमांच का माहौल रहा। पुरुष वर्ग की बाधा दौड़ में असम के खिलाड़ी त्रैलोक्य मसरोंग ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मात्र 15.85 सेकंड में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। स्पर्धा में तेलंगाना के सपावत दत्तू ने 16.65 सेकंड के साथ रजत और त्रिपुरा के हरि मोहन त्रिपुरा ने 16.82 सेकंड का समय निक. ालकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

इसके अलावा पुरुषों की 100 और 400 मीटर दौड़ में काँटे की टक्कर देखने को मिली। 400 मीटर दौड़ में गुजरात के एथलीट संतोषभाई उत्तमभाई गनवित ने 49.332 सेकंड में दौड़ पूरी कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ओडिशा के नोबल कुमार किसान महज 49.335 सेकंड के मामूली अंतर से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर कर्नाटक राज्य के रामू रहे। 100 मीटर दौड़ में झारखंड के शिव कुमार सोरेन 10.58 मीटर में स्वर्ण, छत्तीसगढ़ राज्य के तिलक बर्सेल 10.87 के साथ दूसरे (रजत) और ओड़िसा के अतीश किंडो ने 10.91 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया ।

इसी तरह पुरुषों की लंबी कूद में लक्षद्वीप के अब्दुल फतह एनएम ने 7.03 मीटर की शानदार छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, तो वहीं ओडिशा के भीमा सरदार और जीवन मुक्ति बिलुंग ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

मैदानी स्पर्धाओं में शक्ति प्रदर्शन का दौर जारी रहा, जहाँ पुरुष वर्ग की तवा फेंक (डिस्कस थ्रो) स्पर्धा में गुजरात के मकवाना दानिश दिलीपभाई ने 44.83 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण तब आया जब स्थानीय खिलाड़ी सिद्धार्थ नागेश ने 35.56 के स्कोर के साथ रजत पदक जीतकर घरेलू दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। तीसरे स्थान पर ओड़िसा के चंद्रय मुर्मू रहे ।

महिला वर्ग में भी देश की बेटियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। 100 मीटर दौड़ में झारखंड की पृथ्वी ओरव ने 12.73 सेकंड और नागालैंड की रुदुओलहौनुओं बेहो ने 16.81 सेकंड का समय निकालकरदूसरे स्थान हासिल किए, जबकि झारखंड की पुतुल बास्की ने कांस्य पदक जीता।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 सरगुजा में कुश्ती स्पर्धा का शानदार समापन

पिलखा भूमि.अम्बिकापुर

31 मार्च 2026 छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 अंतर्गत आज सरगुजा जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में पिछले चार दिनों से जारी कुश्ती स्पर्धा का शानदार समापन आज हुआ। पूरे आयोजन के दौरान विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। खिलाड़ियों ने अपनी कुशल तकनीक एवं रणनीति का प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए।

समापन अवसर पर टीम चौंपियनशिप परिणाम घोषित किए। पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश राज्य ओवर ऑल चौंपियन रहा, वहीं जम्मू कश्मीर फर्स्ट रनरअप, महाराष्ट्र एवं झारखण्ड सेकंड रनरअप बना। महिला वर्ग में असम राज्य ओवर ऑल चौंपियन रहा, वहीं झारखण्ड फर्स्ट रनरअप, कर्नाटक एवं तेलंगाना सेकंड रनरअप रहे।



### ये रहे आज के पदक विजेता

आज आयोजित स्पर्धा में महिला सीनियर 57 किलोग्राम भारवर्ग में तेलंगाना की नागलक्ष्मी ने गोल्ड, कर्नाटक की शालीना सिद्धि ने सिल्वर, कर्नाटक की अमूल्या भीमसेन कुन्दरगी ने कांस्य पदक जीता। महिला सीनियर 68 किलोग्राम भारवर्ग में कर्नाटक के प्रिंसिता पेड्र फर्नान्डिस सिद्दी को गोल्ड, मिजोरम के एलिजाबेथ रोहलुपुल्ल को सिल्वर, गुजरात के चावड़ा लीलाबेन मैयाभाई एवं राजस्थान की बालकेश कुमारी मीना को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

पुरुष सीनियर फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भारवर्ग में ओड़िसा के अजीत भुयां को गोल्ड, महाराष्ट्र के पारस सुभाष बिड़कर को सिल्वर, महाराष्ट्र के विकी रामचन्द्र उइके एवं हिमाचल प्रदेश के अब्दुल खान को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। पुरूष ग्रीको रोमन सीनियर 77 किलोग्राम में झारखंड के अभिषेक मुंडा ने गोल्ड, हिमाचल प्रदेश के अर्फन ने सिल्वर, तेलंगाना के जादव चरण एवं जम्मू–कश्मीर के इंजमाम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

पुरूष फ्रीस्टाइल सीनियर 86 किलोग्राम में हिमाचल प्रदेश के सुमित ठाकुर को गोल्ड, जम्मू–कश्मीर के बहादुर खान को सिल्वर, हिमाचल प्रदेश के शब्बीर खान को कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरूष ग्रीको रोमन सीनियर 130 किलोग्राम में मध्यप्रदेश के शिवा भलावी को गोल्ड, जम्मू कश्मीर के दिलेर खान को सिल्वर, तेलंगाना के कर्रा राजू को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 3.80 करोड़ रूपए की सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

पिलखा भूमि.सूरजपुर

01 अप्रैल 2026 प्रदेश में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जयनगर–कासापारा में ₹3.80 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत कार्यप्रारंभ पूजन किया।

लोक निर्माण विभाग के माध्यम से स्वीकृत इस परियोजना के तहत 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का उन्नयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 380.15 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा और सुगम संपर्क का लाभ मिलेगा।

मंत्री राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें केवल



आवागमन को सुगम नहीं बनातीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करती हैं। जयनगर से कासापारा तक बनने वाला यह मार्ग क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर हरीश राजवाड़े, देवधन बिंझिया, अशोक अग्रवाल, रितेश जायसवाल, जनपद सदस्य धनेश्वरी सिरदार, सरपंच राधा सिंह सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी के पैसों का (मनी लॉन्ड्रिंग) नेटवर्क ध्वस्त- सरगुजा पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा

साइबर क्राइम रिपोर्टर .मुकेश निराला

अम्बिकापुर.गांधीनगररू छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में साइबर ठगी से अर्जित काली कमाई को ठिकाने लगाने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (IPS) के कड़े रुख के बाद थाना गांधीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ठगी की रकम को खपाने के लिए भोले–भाले लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे।




### दोस्ती की आड़ में रची ठगी की साजिश

पूरा मामला तब उजागर हुआ जब गांधीनगर निवासी शौर्य प्रताप साकिन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा. ई। प्रार्थी के मुताबिक, उसका पुराना परिचित ऋत्विक सिंह, जो दूध डेयरी और चाय दुकान चलाता था, उसने झांसा देकर प्रार्थी का बैंक खाता इस्तेमाल किया। ऋत्विक ने डेयरी की रकम बताने के बहाने प्रार्थी के खाते में ₹48,500 मंगवाए और एटीएम के जरिए निकाल लिए। कुछ दिनों बाद जब प्रार्थी का खाता होल्ड हुआ, तब उसे पता चला कि उसके खाते का उपयोग साइबर अपराध की रकम के लेन–देन के लिए किया गया है।

### बैंक खातों की 'खरीद–बिक्री' का काला कारोबार

पुलिस की सघन जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी ऋत्विक सिंह अपने साथी अमन गुप्ता के साथ मिलकर ठगी की रकम के ट्रांजैक्शन के लिए बैंक खातों और सिम कार्ड की खरीद–बिक्री का काम करते थे। जांच के दौरान तीसरे आरोपी पियुष तिवारी का नाम भी सामने आया, जिसके खाते में कई ऑनलाइन शिकायतों की राशि ट्रांसफर होना पाया गया।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

ऋत्विक सिंह (25 वर्ष)रू निवासी गांधीनगर, अम्बिकापुर।

अमन कुमार गुप्ता (24 वर्ष)रू निवासी देवीगंज रोड, अम्बिकापुर।

पियुष तिवारी (25 वर्ष)रू निवासी सत्तीपारा, अम्बिकापुर।

### पुलिस की बड़ी कामयाबी

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनमें बैंक खातों और अवैध लेनदेन का भारी डेटा मिला है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 168–26 बी.एन.एस. (BNS) की धारा 318(4),3(5) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

### टीम गांधीनगर की सक्रियता

इस पूरी कार्रवाई में थाना गांधीनगर के उप निरीक्षक दिलीप दुबे, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, विकास सिन्हा और आरक्षक वीरेंद्र पैकरा, लालदेव, अशोक यादव समेत पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

**अपील** पिलखा भूमि अपने पाठकों से अपील करता है कि किसी भी परिचित या अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड या मोबाइल सिम इस्तेमाल के लिए न दें।

आपकी यह उदारता आपको कानूनी मुसीबत में डाल सकती है।

## हॉकी में छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक





पिलखा भूमि.रायपुर

1 अप्रैल 2026 खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पुरुषों की हॉकी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला गया। इसमें छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को 14–6 से हरा कर कांस्य पदक जीता।

manish -pilkha bhoomi sursjpur mastar 026 jan_manish 01-04-2026 06:12 Page 4



# आस्था के केंद्र कुदरगढ़ धाम का होगा भव्य विकास- मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले में 185 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण–भूमिपूजन**
**सुपोषण रथ, आपराधिक जागरूकता रथ और यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**
**कुदरगढ़ में सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित वि. श्रामगृह का लोकार्पण**



**पिलखा भूमि.सूरजपुर**
21 मार्च 2026 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज चौत्र नवरात्रि की तृतीया तिथि के पावन अवसर पर सूरजपुर जिले के विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी आस्था के केंद्र कुदरगढ़ धाम का भव्य विकास होगा। माता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सूर. जपुर जिले में 185 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण–भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने माँ कुदरगढ़ी के पावन धाम में पूरे विधि–विधान से पूजा–अर्चना और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि चौत्र नवरात्रि का पावन पर्व है और मैं आज माँ कुदरगढ़ी के दरबार में आया हूँ। सूरजपुर वासियों ने मुझे यह सौभाग्य दिया, इसके लिए मैं आप सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश के कोने–कोने से मां कुदरगढ़ी के दर्शन के लिए पहुंचे भक्तजनों को भी मैं सादर प्रणाम करता हूँ। जब चौत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखता हूँ तो बहुत अच्छा लगता है। हमारे देवी–देवता हमारे आस्था के प्रतीक तो हैं ही, वे हमारे जीवन में उत्सव का रंग भी भरते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस शुभ दिन सूर. जपुर जिले में 185 करोड़ रुपए के 76 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। सूरजपुरवासियों को इसके लिए मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। इन कार्यों में 20 करोड़ रुपए के 52 कार्यों के लोकार्पण तथा 164 करोड़ रुपए के भूमिपूजन के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, जलाशय एवं नगरीय अधोसंरचना से जुड़े निर्माण शामिल हैं। साथ ही कुदरगढ़ में सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित विश्रामगृह भवन का लो. कार्पण भी किया गया है। लगभग 3 करोड़ 9 लाख 60 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक भवन में अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता के आशीर्वाद से बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है । कुदरगढ़ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही रोपवे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे दर्शन करना और अधिक सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि क्षेत्र में डोम, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि कुदरगढ़ धाम का समग्र और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने जिले में पोषण के प्रति जागरूकता के लिए सुपोषण रथ, आपराधिक जागरूकता रथ और यातायात जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर पोषण के लिए जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। स्वस्थ महिला और बच्चों से परिवार की खुशियां मजबूत होती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों के प्रति सभी को सजग होना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सूरजपुर जिले में रेडी टू ईट निर्माण कार्य के माध्यम से पोषण कार्यक्रम का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने इस पहल को जिले के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने चौत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन पर्व नई ऊर्जा और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति के लिए नि. रंतर कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरगुजा ओलंपिक के आयोजन से इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल का नया अवसर मिला है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद सभी जिले वासियों पर बना रहे। सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करते हुए महिलाओं और बच्चो को बेहतर पोषण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में आपके क्षेत्रों के विकास के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री राम सेवक पैंकरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब बडी-बडी वाला प्यार छोटे बच्चों के लिए बदल गई स्कूल की परिभाषा




**पिलखा भूमि.रायपुर**
22 मार्च 2026 क्या आपने कभी सोचा है कि एक 4 साल का बच्चा पहली बार स्कूल जाने के नाम से रोने के बजाय मुस्कुराने लगे? छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसा ही कमाल हो रहा है। राज्य सरकार की नई पहल बाल मैत्री (**Buddy Buddy**) ने आंगनबाड़ी के नन्हे–मुन्नों और बड़े स्कूलों के बीच की श्डर वाली दीवारश को ढहा दिया है।

**रोना बंद, अब होगी स्कूल से दोस्ती–**
अक्सर देखा जाता है कि आंगनबाड़ी से निकलकर जब बच्चा पहली बार बड़े स्कूल के गेट पर कदम रखता है, तो वह सहम जाता है। इसी झिझक को खत्म करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग ने हाथ मिलाया है।

इस पहल की 3 सबसे खास बातें–
महीने में एक बार स्कूल पिकनिक– 4 से 6 साल के बच्चे हर महीने अपने पास के प्रा. इमरी स्कूल घूमने जाते हैं।
दोस्ती का हाथ– वहां वे स्कूल के बड़े भैया–दीदी और शिक्षकों से मिलते हैं, साथ में चित्रकारी करते हैं और गाने गाते हैं।
बिना बस्ते का बोझ– यहाँ पढ़ाई नहीं, बल्कि खेल–खेल में स्कूल के माहौल को श्अपनाश बनाया जा रहा है।

**मोदी विजन और छत्तीसगढ़ का एक्शन–**
यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें आंगनबाड़ी और स्कूलों के बीच बेहतर तालमेल की बात कही गई थी। छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य बनकर उभरा है जिसने इसे ज़मीनी स्तर पर इतनी खूबसूरती से लागू किया है।

20 मार्च को पूरे प्रदेश के स्कूलों में दिवाली जैसा माहौल था। जब आंगनबाड़ी के छोटे बच्चे स्कूल पहुंचे, तो फूलों और तालियों से उनका स्वागत हुआ। अब ये बच्चे स्कूल जाने से डरेंगे नहीं, बल्कि इंतज़ार करेंगे।

**क्यों यह खबर आपके लिए जानना ज़रूरी है?**
अभिभावकों के लिए– अब आपके बच्चे का स्कूल ट्रांजिशन तनावमुक्त होगा।
शिक्षा जगत के लिए– छत्तीसगढ़ का यह **Buddy&Buddy** मॉडल पूरे देश के लिए एक मिसाल बन रहा है।
भविष्य की तैयारी– आत्मविश्वास बढ़ने से बच्चों की सीखने की क्षमता (**Learning Outcome**) में भारी सुधार होगा।

**एक्सपर्ट व्यू –**
मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जीवन के शुरुआती 6 साल बच्चे के दिमाग के विकास के लिए सबसे अहम होते हैं। अगर इसी उम्र में स्कूल के प्रति सकारात्मक भाव बैठ जाए, तो ड्रॉप–आउट रेट (स्कूल छोड़ने की दर) शून्य हो सकती है।

# तेंदुए की खाल की तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 9 आरोपी गिरफ्तार

**पिलखा भूमि. रायपुर**
24 मार्च 2026 वन्यजीव संरक्षण को लेकर राज्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में 19 मार्च 2026 को केशकाल वनमंडल और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तेंदुए की खाल की तस्करी में शामिल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया।



वन्य जीव संरक्षण का अर्थ जंगली जानवरों, पक्षियों और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा करना है, ताकि जैव विविधता बनी रहे और पा. रिस्थितिक संतुलन न बिगड़े। भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत अवैध शिकार, व्यापार और आवास विनाश को रोकना और वन्य प्रजातियों की रक्षा करना अनिवार्य है। यह पा. रिस्थितिक तंत्र के लचीलेपन और भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति के संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण है।

यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। वन विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया, जिसमें एक कर्मचारी ने खरीदार बनकर तस्करों से संपर्क किया। जैसे ही आरोपी मोटरसाइकिल और एक वाहन में तेंदुए की खाल लेकर रसगांव–बड़ेडोंगर मार्ग स्थित ग्राम बैलगांव पहुंचे, टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। मौके से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्हा. ंने बताया कि तेंदुए का शिकार लगभग 7 महीने पहले अवैध हथियार (भरमार बंदूक) से किया गया था। आरोपियों की निशानदेही पर मुख्य आरोपी को अगले दिन नारायणपुर जिले के ग्राम बोरावण्ड से गिरफ्तार किया गया तथा शिकार में प्रयुक्त बंदूक भी जब्त की गई। बरामद तेंदुए की खाल की लंबाई 195 सेंटीम. ीटर और चौड़ाई 45 सेंटीमीटर पाई गई।

वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देशन में आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (संशोधित 2022) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बस्तर और नारायणपुर जिलों के निवासी हैं। इस अभियान में राज्य स्तरीय टीम के अधिकारियों एवं वन विभाग के कर्मच. ारियों की सक्रिय भूमिका रही। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के शिकार और अवैध व्यापार को रोकने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। राज्य शासन की वन एवं वन्यजीव संरक्षण संबंधी योजनाओं के तहत जैव विविधता संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# हर नागरिक तक त्वरित स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना हमारी प्राथमिकता मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**9 नवीन '108 संजीवनी एक्सप्रेस' एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी**




**पिलखा भूमि.सूरजपुर**
01 अप्रैल 2026 छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 9 अत्याधुनिक '108 संजीवनी एक्सप्रेस' एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला चिकित्सालय सूरजपुर से शुरू की गई यह सेवा अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सूरजपुर की बेटी होने के नाते यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि मैं अपने ज़िलेवासियों को यह जीवनरक्षक सुविधा समर्पित कर रही हूँ। उन्होंने कहा कि ये एम्बुलेंस केवल वाहन नहीं, बल्कि जीवन बचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार का उद्देश्य है कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली माताएँ, बहनें और बच्चों को आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार मिल सके और 'गोल्डन ऑवर' में चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने यह भी कहा कि एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रतिक्रिया समय (**Response Time**) में निरंतर सुधार किया जाएगा। उन्होंने स्वयं इन सेवाओं की नियमित निगरानी करने की बात कही, ताकि पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे।

ज़िले में आवंटित 9 एम्बुलेंसों में से 2 को जिला चिकित्सालय सूरजपुर में स्थायी रूप से तैनात किया गया है, जबकि शेष एम्बुलेंसों को विभिन्न साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हो सके।

# अवैध महुआ शराब के विरुद्ध गोण्डाहूर पुलिस की कार्रवाई- आरोपी गिरफ्तार

**पिलखा भूमि. किशोर बाला**
गोंडाहुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

**मुख्य विवरण**
आरोपी का नामरू पंकज घोष (42 वर्ष), पिता स्व. प्रशांत घोष
निवासीरू ग्राम पीव्ही 19, बैकुण्ठपुर
घटनास्थलरू मक्का खेत की मेड़ के पास
अपराध क्रमांकरू 08६2026
धारारू 34 (2) आबकारी एक्ट

**जब्त की गई सामग्री**
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से निम्न. लिखित वस्तुएं बरामद की हैंरू
10 लीटर देशी महुआ शराब (अनुमानित कीमत ₹1200)
शराब बनाने के उपकरणरू 01 नग स्टील ड्रम, 01 एल्युमिनियम का गंज, 01 स्टील गिलास और 20 नग पारदर्शी झिल्ली।



**पुलिस टीम और नेतृत्व**
यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के मार्गदर्शन, अति. पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे और एसडीओपी पखांजूर रविकुमार कुजूर के दिशा–निर्देश में संपन्न हुई।

**टीम में शामिल सदस्य**
निरीक्षक योगेश कुमार सोनी (थाना प्रभारी)
प्रधान आरक्षक बाबूलाल गावडे
आरक्षकरू चंदन कुलदीप, सौरभ सलाम, ग्रेक्सन नरवास एवं जितेन्द्र कोर्राम।

# नकली सोना असली खेल- सूरजपुर पुलिस ने बिछाया जाल 4 ठग चढ़े हत्थे!

**पिलखा भूमि.सूरजपुर**
अगर आपको भी कोई अनजान व्यक्ति सस्ता सोना दिलाने का लालच दे रहा है, तो ठहर जाइए! कहीं आप भी चांदनी थाना इलाके के इस बालरूप गुप्ता की तरह ठगी के शिकार न हो जाएं।

**कहानी 'सैम्पल' असली, माल नकली की!**
ठगों का दिमाग देखिएकृपहले पीड़ति को असली सोने का छोटा टुकड़ा सैम्पल के तौर पर दिया। पीड़ति ने सुनार से चेक कराया, तो सोना 24 कैरेट शुद्ध निकला। भरोसा जम गया! फिर असली खेल शुरू हुआ।
ब पीड़ति ₹2 लाख 20 हजार लेकर "सौदा" करने पहुँचा, तो ठगों ने कपड़े में लपेटकर पीतल के बिस्कुट थमा दिए और पैसे लेकर रफूचक्कर हो गए।

**पुलिस का सॉफ्टवेयर अपडेट**




जैसे ही मामला डीआईजी.एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के पास पहुँचा, उन्होंने ठगों की 'लंका' लगाने के निद. ेश दे दिए। एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चांदनी पुलिस ने ऐसी घेराबंदी की कि चारों आरोपी अब सलाखों के पीछे अपनी 'कमीशन' गिन रहे हैं।

रिकवरीरू पुलिस ने इनके पास से ₹1,24,000 नगद बरामद कर लिए हैं।
सलाखों के पीछे ये 'गोल्डन बॉयज'
**अर्जुन देवांगन (ठगी का मास्टरमा. इंड)**
**मोहन उर्फ सोनू (भरोसा जीतने वाला 'दोस्त'**
**राजेन्द्र यादव (बलरामपुर का खिलाड़ी)**
**किशोरी लाल यादव (सह–आरोपी)**
जनता के लिए रू"सड़क चलते या फोन पर मिलने वाले 'सस्ते सोने' के ऑफर पर भरोसा करना, अपनी गाढ़ी कमाई को आग लगाने जैसा है। सोना हमेशा सर्टिफाइड शोरूम से ही खरीदें!
**बधाई के पात्र** थाना प्रभारी आर.पी. साहू और उनकी जांबाज टीम (एएसआई क्षेत्रपाल, भूपेन्द्र, मंजीत व अन्य) जिन्हा. ेंने इस गैंग का पर्दाफाश किया।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक - मनीष वैद्य
मो. नं - 9165046978.7583080630 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) समस्त समाचार के विवाद के लिए न्यायालय क्षेत्र सरगुजा मान्य होगा।